जयपुर रग्स की धापा देवी और काविता चौधरी का भारत की राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित डिजाइन इनोवेशन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली/जयपुर रग्स को यह घोषणा करते हुए गर्व है कि मास्टर शिल्पकार धापा देवी और डिजाइन डायरेक्टर काविता चौधरी को भारत की राष्ट्रपति, महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार समारोह में संयुक्त रूप से "डिजाइन इनोवेशन अवार्ड 2023" से सम्मानित किया गया है।यह विशिष्ट सम्मान विकास आयुक्त हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है, जो उन असाधारण डिजाइनर–शिल्पकार सहयोगों की सराहना करता है जो भारतीय शिल्प विरासत को समकालीन डिजाइन दृष्टि के साथ जोड़ते हैं।डिजाइन इनोवेशन अवार्ड उन सह-निर्मित परियोजनाओं को मान्यता देता है जहाँ शिल्पकार और डिजाइनर मिलकर पारंपरिक शिल्प कौशल पर आधारित नए, बाजार-उन्मुख डिजाइन विकसित करते हैं। यह पुरस्कार केवल तकनीकी निपुणता का सम्मान नहीं करता, बल्कि रचनात्मक नवाचार, व्यावसायिक प्रासंगिकता, और पारंपरिक कौशलों के आधुनिक डिजाइन मांगों के साथ संवेदनशील समावेश को भी महत्व देता है। पुरस्कार में नकद राशि, शॉल, प्रमाणपत्र और तम्रपत्र शामिल हैं, जो शिल्पकार और डिजाइनर दोनों को प्रदान किए जाते हैं। इस अवसर पर काविता चौधरी ने कहा, यह पुरस्कार उस असीम रचनात्मकता का प्रमाण है जब शिल्पकारों को स्वतंत्रता, भरोसा और सहयोग मिलता है। भारत की राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होना एक अविस्मरणीय क्षण है। उनका यह सहयोग परंपरा और नवाचार के बीच एक सशक्त संबंध को दशार्ता है।